# सड़कों के मरम्मत के काम में इंजीनियरों से नजर रखने कमिश्नर के निर्देश

**सतना।** नगर निगम के आयुक्त शेर सिंह मीना (आई.ए.एस.) द्वारा अमृत के सीवर घटक की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह जानकारी प्रस्तुत की गई कि शहर के वार्ड क्र. 37,टिकुरिया टोला,भरहुत नगर, अनुपमा कान्वेंट स्कूल के पास,रीवा रोड,वार्ड क्र.10 सिटी कोतवाली के पास रेस्टोरेशन का कार्य प्रगति पर है। कल से नई बस्ती एवं मुख्य बाजार में रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध में आयुक्त द्वारा अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि रेस्टोरेशन के चल रहे कार्यों का सतत पर्यवेक्षण करें, कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराए एवं जिन क्षेत्रों के रेस्टोरेशन कार्य से संबंधित निविदा इत्यादि की कार्यवाही पूर्ण होती जा रही है उन स्थानों पर रेस्टोरेशन के कार्य कराए जाए ताकि वर्षों के दिनों में शहर के नागरिकों को आवागमन में असुविधा न हो। आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के जिन हितग्राहियों द्वारा छत लेवल तक भवन को बना लिया है उन्हें शीघ्र ही भवन को पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित करें। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के उतैली एवं कृपालपुर स्थलों का इंजेज कम्पनी के अभियंताओं एवं निगम के अभियंताओं द्वारा संयुक्त रूप से आवासों का भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लें कि संविदाकार द्वारा जिन भवनों को पूर्ण बताया जा रहा है उन भवनों में सभी सामग्रियां लगा दी गई हैं या नहीं साथ ही साथ जिन भवनों में सीपेज है या हितग्राहियों द्वारा भवन





में लगाई गई सामग्रियों में तोड़-फोड़ की गई है या भवन के स्वरूप को किसी भी तरह से परिवर्तित किया गया है ऐसी समस्त जानकारियां 07 दिवस के अंदर तैयार कर प्रस्तुत किया जाए ताकि संविदाकार द्वारा पूर्ण किए गए आवासों का आधिपत्य आवंटी हितग्राहियों को प्रदान किया जा सके। साथ ही साथ जिन हितग्राहियों द्वारा संरचना में परिवर्तन या भवन में लगाई गई सामग्रीयों में तोड़-फोड़ की गई है उन हितग्राहियों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जा सके।

**प्रधानमंत्री आवास में रहने वालों से वसूला जाएगा संपत्ति कर:** आयुक्त द्वारा कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में निवासरत हितग्राहियों से जलकर एवं सम्पत्तिकर का मांग-पत्र जारी कर वसूली की कार्यवाही की जाए।

### समय पर दफ्तर नहीं पहुंचे कई लोग

राज्य शासन द्वारा आदेशित किया गया है कि कार्यालयीन समय प्रातः 10बजे से सायं 6 बजे का रहेगा। इसी क्रम में आयुक्त द्वारा प्रातः10 बजे कार्यालय की निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकांश कर्मचारी नियत समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते। इस संबंध में आयुक्त,नगर पालिक निगम सतना द्वारा नगर निगम सतना के सभी कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कार्यालय अधीक्षक को आदेशित किया गया है कि निगम के मुख्य कार्यालय सहित जोन कार्यालय में बायोमैट्रिक मशीन के माध्यम से उपस्थिति अनिवार्य की जाए जो अधिकारी कर्मचारी बायोमैट्रिक मशीन में दर्ज नहीं है उनके नाम बायोमैट्रिक मशीन में दर्ज किए जाए। निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों की वेतन का आहरण बायोमैट्रिक अटेंडेन्स के आधार पर ही किया जाए। शासन आदेशानुसार प्रत्येक माह के पहली तारीख वन्दे मातरम एवं राष्ट्रगान किए जाने के आदेश है।इसी आदेश के अनुपालन में शेर सिंह मीना द्वारा कार्यालयीन कामकाज की शुरूआत आज राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से की गई।

## खबर संक्षेप

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने पत्र लिखकर कलेक्टर को दी बधाई



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 09 का चुनाव विधिसम्यक, निर्विवाद, शांतिपूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने पर भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा को पत्र लिखकर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### मैहर जिले के मुक्तिधाम और सोनवारी में किया गया पौधरोपण



**सतना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने मैहर मुक्तिधाम और ग्राम पंचायत सोनवारी में आम, नीम, आंवला, कदम और जामुन का पौधारोपण किया गया। इस मौके पर सीएमओ लालजी,सीईओ प्रतिपाल बागरी,एंजी वनस्पति पाण्डेय,एई राहुल पटेल एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सेवा संकल्प में सांसद और अजय के जन्म दिवस पर भोजन कराया गया



**सतना।** सेवा संकल्प जिला अस्पताल परिसर में लगातार 5218 वे दिन से अनवरत मरीजों के परिजनों को दोनों समय का भोजन की सेवा करते हुए सेवा संकल्प में सांसद गणेश सिंह,और अजय त्रिपाठी के जन्म दिवस पर भोजन वितरित किया गया,छमा त्रिपाठी,किरण त्रिपाठी,आस्था त्रिपाठी,निकिता त्रिपाठी,छबि त्रिपाठी परिवार द्वारा कराया गया। इस दौरान गोविन्द बड़ेरिया,सुरेश बड़ेरिया,मधुकर पारेख,श्याम लाल गुप्ता,शंकर लाल अग्रवाल रामावतार अग्रवाल,जगदीश गुप्ता,सोमचंद,राजकुमार अग्रवाल,राधा अग्रवाल, सतीश सचदेव,अशोक अग्रवाल,राजेश कुमार सोनी,पी डी कुचियां,अनिल सचदेवा,सचिन अग्रवाल, उमाशंकर,राजेंद्र गुप्ता,विनोद गुप्ता उपस्थित रहे।

### पर्यटन क्विज प्रतियोगिता हेतु प्रभारी एवं नोडल अधिकारी नियुक्त

**सतना।** जिला पुरातत्व,पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डी.ए.टी.सी.सी) एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से 27 जुलाई 2024 को जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्रस्तावित है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा द्वारा सहायक संचालक गिरीश अग्निहोत्री को क्विज प्रतियोगिता का प्रभारी अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जिले में अब तक 96.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।**जिले में इस वर्ष 1 जून से 2 जुलाई तक 96.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू -अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 200.5 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 97.9 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 60.9 मि.मी,बिरसिंहपुर में 90 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 40 मि.मी.,नागौद में 126.3 मि.मी.,जसो (नागौद) में 39 मि.मी. एवं उचेहरा में 117 मि.मी. वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी.है। गत वर्ष इस अवधि में 90.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला जलाया

### राहुल गांधी ने संसदीय मर्यादाओं को तार तार किया: सतीश



**सतना।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मंगलवार को जय स्तंभ चौक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला जलाया। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी को हिंदू विरोधी करार दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कांग्रेस सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर संसदीय मर्यादाओं को तार तार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि लोकतंत्र के पवित्र मन्दिर के अंदर राहुल गांधी ने जिस प्रकार से बहुसंख्यक हिन्दू समाज को गाली दी है उससे उनकी वास्तविक परवरिश का प्रदर्शन हुआ है। सतीश शर्मा ने जारी बयान में कहा है कि सदन के अंदर पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहना देश की 100 करोड़ जनता पर हमला है। राहुल गांधी के इस अमर्यादित बयान ने देश की एकता और अखंडता पर भी चोट की है। श्री शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी इस तरह की बयानबाजी करके पूरी दुनिया के सामने भारत के लोकतंत्र को लज्जित कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी को इस बात का भी ज्ञान नहीं है कि उन्हें किस प्रकार से संसदीय आचरण करना चाहिए। श्री शर्मा ने राहुल गांधी को एक अपरिपक्व और गैर जिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष बताते हुए कहा कि उन्हें अपने इस घोर निंदनीय आचरण पर देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

# मैहर जिले में 44 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**सतना।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती बाटड ने जिले भर से प्राप्त आवेदनों के माध्यम से शिकायतो पर संबंधित अधिकारी को कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तहसील स्तर पर की जा रही जनसुनवाई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मानीटरिंग भी की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह,एसडीएम मैहर विकास सिंह, डीपीओ राजेंद्र बांगरे,सीईओ प्रतिपाल बागरी,सीएमओ लालजी ताम्रकार उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान ग्राम बरहिया से ददद्दी दहिया पिता रामसेवक दहिया द्वारा बताया गया कि मेरे निजी निवास में जबरन गीता बाई दहिया ने कब्जा कर लिया है और मुझे घर से निकाल दिया गया। इसी तरह ग्राम डेल्हा से मोती लाल कोरी ने बताया कि मेरी दुकान का विद्युत कनेक्शन का बिल असीमित आ रहा है जिसकी शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। राकेश चौरसिया सरला नगर रोड मैहर द्वारा बताया गया कि राजेंद्र प्रसाद चैरसिया द्वारा शासकीय रास्ते को बाधित करते हुए कबाड़ का व्यवसाय किया जा रहा है जिसको लेकर कई बार स्थानीय लोगो ने राजेंद्र प्रसाद चौरसिया से शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार नहीं किया गया है।





### ग्राम पंचायतों, अमरपाटन और रामनगर विकासखंड कार्यालयों में भी हुई जनसुनवाई

मैहर कलेक्टर रानी वाटड के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड कार्यालय एवं सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में अमरपाटन के विकासखंड कार्यालय में एसडीएम आरती यादव द्वारा आवेदकों की समस्यायें सुनी गई और समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। इसी प्रकार रामनगर के एसडीएम कार्यालय में भी एसडीएम डॉ.आरती सिंह ने विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से आये आवेदकों की समस्याएं सुनी गई। जनसुनवाई में आये प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर जनपद सीईओ मुन्नीलाल प्रजापति,नायाब तहसीलदार ललित धार्वे तथा रोशन लाल रावत उपस्थित रहे। इसी प्रकार मैहर जिले की ग्राम पंचायतों में भी कलेक्टर के निर्देशानुसार मंगलवार को प्रातः 11 बजे से जनसुनवाई प्रारंभ की गई। ग्राम स्तर की जन सुनवाई में सरपंच,सचिव,रोजगार सहायक,पटवारी एवं मैदानी अमले ने ग्राम वासियों की स्थानीय समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया।

### श्रमिक पंजीयन तथा योजनाओं हेतु ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**सतना।** सहायक श्रमायुक्त द्वारा जानकारी दी गई है कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में पारदर्शिता हेतु निर्माण श्रमिक पंजीयन तथा योजनाओं के आवेदन के समय ई-केवाईसी तथा योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण आधार आधारित भुगतान प्रक्रिया के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। पंजीकृत श्रमिक/हितग्राही की आधार ई-केवाईसी कराये जाने के पश्चात ही किसी भी योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। पंजीकृत श्रमिक/हितग्राही के बैंक खाते का आधार से लिंक होना अनिवार्य है। हितग्राही को योजना अंतर्गत सहायता राशि का भुगतान सहायक श्रमायुक्त द्वारा ईपीओ जारी कर डिजीटल साईन के पश्चात ही हितग्राही के आधार लिंक बैंक खाते में प्राप्त होगा।

# जनसुनवाई में 73 प्रकरणों की हुई सुनवाई



**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 73आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे ने जन सुनवाई में कोटर तहसील अंतर्गत गोरइया निवासी मुन्ना लाल कचेर,अहिरान मोहल्ला सतना की गोहटी बाई कहार,टिकुरिया टोला के जमुना प्रसाद कुशवाहा,बजरहा टोला की उर्मिला देवी,राजेंद्र नगर सतना के बाबूलाल साकेत तथा ग्राम किटहा के हरी प्रसाद कुशवाहा को तत्काल मौके पर ही कान की मशीन उपलब्ध कराई। कान की मशीन मिल जाने से जनसुनवाई में आये आवेदकों ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,गरीबी रेखा में नाम जोड़ने,खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,राशन कार्ड बनाने,विद्युत समस्या,वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंशन,विकलांग पेंशन,जमीन का कब्जा दिलाने,चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जन सुनवाई में पहुंचे।

## नगर पालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का प्रशिक्षण संपन्न

**सतना।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का प्रशिक्षण मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी एसडीएम नीरज खरे,सुधीर बेक,एपी द्विवेदी,जितेन्द्र कुमार वर्मा सहित तहसीलदार/नायब तहसीलदार उपस्थित थे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ.बीके गुप्ता ने बताया कि मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को होगा। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्ति-युक्तिकरण का प्रस्ताव तैयार कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 4 जुलाई तक दिया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 9 अगस्त है।फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया नियमानुसार निर्धारित समय में पूरी करने के निर्देश जारी किये गये है।

# अब तक नहीं सुधरा जर्जर सड़क का हाल

## जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, नगरवासियों की हो रही फजीहत

**कोतमा।** मानसून ने दस्तक दे दी लेकिन नगर की सड़कों की दशा मे कोई सुधार नहीं हुआ। बरसात के दिनों में अब तो डामरीकरण सीसी रोड निर्माण होने से रहा क्योंकि नगर की कोई भी सड़क ऐसी नहीं है जहां बरसात के दिनों में पानी न भर जाता हो। नगर पालिका क्षेत्र के किसी भी वार्ड में चले जाइए सही सलामत रोड नहीं मिलेगी। इसलिए तो बेहतर सड़के गांव की मिल जाएगी जो काम से काम चलने लायक तो हैं। बरसात पूर्व सड़कों की दशा सुधारने नगर पालिका के दावे कागजों तक सीमित रह गए। इस लापरवाही व लेट लतीफी की वजह से नागरिकों की पूरे बरसात के चार महीना में फजीहत ही रहने वाली है।

वैसे तो लगभग पूरे नगर की सड़के जर्जर है लेकिन अनेक बड़े मोहल्ले वह कॉलोनी में परेशानी ज्यादा है मुखर्जी चौक से वीडियो मोड आरके स्टूडियो के आगे बीच रोड में डामरीकरण सड़क उखड़ गई है और गड्ढा हो गया है बारिश के दिनों में गड्ढे में पानी भर जाने के कारण दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को गड्ढा नजर नहीं आता जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बस स्टैंड से जकीरा चौक तक जाने वाली सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। आजाद चौक से कन्या स्कूल जाने वाले रास्ते में रूप कला स्टूडियो के आगे सड़क में गड्ढे हो गए हैं। वार्ड क्रमांक 7 हुंडई शोरूम के पास से बूढ़ी माता मंदिर जाने वाले रास्ते में अभी डेढ़ साल हुए डामरीकरण सड़क का निर्माण हुए लेकिन जगह-जगह सड़क में बारिश का पानी भर जाने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुर्गी बाजार के पास से बूढ़ी माता मंदिर जाने वाला रास्ता अत्यंत जर्जर हो गया है दो पहिया वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। वार्ड क्रमांक एक दफाई टोला में नवीन जैन के घर के सामने अभी 3 महीने पहले सीसी सड़क का निर्माण कर नगर पालिका के द्वारा करवाया गया है लेकिन उसे सड़क की द्वितीय उखड़ने लगी है जगह-जगह सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। बनिया टोला तिराहा से मुर्गी बाजार जाने वाले रास्ते में डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य सही ढंग से नहीं होने के कारण जगह-जगह सड़कों पर पानी भर जाता है और बारिश के दिनों में आवागमन करने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला में रोड मस्जिद के पीछे के मोहल्ले में बरसों पूर्व बना सीसी सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गया है जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर में ऐसी कई सके हैं जहां बारिश के दिनों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कमिश्नर कलेक्टर जैसे प्रशासनिक अधिकारियों ने हर बैठकों में बरसात पूर्ण सड़कों की हालत सुधारने के निर्देश दिए। नगर पालिका मे इन निर्देशों का पालन तो नहीं हुआ। नगर पालिका की ओर से यही कहा जाता रहा की बरसात पर जर्जर सड़कों की मरम्मत करवा दी जाएगी। नागरिकों में नाराजगी इसी बात को लेकर की नगर पालिका केवल उन्हीं कार्यों को करती रही जहां अधिक जरूरत नहीं थी। नगर पालिका के द्वारा वार्ड क्रमांक केरहा नल के पास से लगभग एक करोड़ 33 लाख की लागत से नाली एवं सड़क का निर्माण कर करवा रही है जबकि वहां पर सड़क की कोई आवश्यकता ही नहीं है।


### सड़कों पर गिर रहे हैं बाइक सवार



**मैहर।** क्या नगर पालिका प्रशासन की नहीं सुनता ठेकेदार दुर्घटनाओं को निमंत्रण देती वार्ड नंबर 14 की सड़कें सीवर लाइन ठेकेदार द्वारा विगत दिनों वार्ड नंबर 14 में सीवर लाइन का काम किया गया जो कि इतना घटिया तरीके से किया गया जरा सी बरसात में लोगों को घर से निकलना हुआ दुश्वार है।अभी तो पूरी बरसात का सीजन बाकी है। सड़कों पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं मोटरसाइकिल रोड पर फंस जाती हैं कई दफे तो मोटरसाइकिल सवार गिर चुके हैं नगर पालिका अधिकारियों को बताया जा चुका है लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ रोड का लगता है ठेकेदार द्वारा नगर पालिका अधिकारियों की सुनी नहीं जाती अपनी जान जोखिम डाल कर लोग निकलने को मजबूर हैं। फोर व्हीलर तो छोड़िए आप टू व्हीलर और अब पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जिम्मेदारों प्रशासनिक अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं कोई बड़ा हादसे होने का इंतजार कर रहे हैं हादसा होने पर किसकी जिम्मेदारी होगी नगर पालिका प्रशासन की या ठेकेदार यह कौन बताएगा।

## खबर संक्षेप

### विद्युत मंडल अमानगंज में मनमानी का आलम, कटौती से परेशान क्षेत्र सहित नगर की जनता



**अमानगंज।** नगर अमानगंज में विद्युत मंडल की मनमानी एवं तानाशाही से समूचे में जनता परेशान दिखाई दे रही है और विभाग में पदस्थ भ्रष्ट कर्मचारियों एवं अधिकारी अपनी मनमानी से विभाग चला रहे हैं भीषण उमस गर्मी में कारण विद्युत सप्लाई रोकना इन्वेस्ट अधिकारी एवं कर्मचारियों का शौक बना हुआ है जिसमें आम जनमानस का जीना मुश्किल हो गया है मनमाने बिल भेजना उपभोगताओं को मुसीबत में काम नहीं है वर्षों से जमा कर्मचारी अधिकारी अपना दबदबा कायम रखना चाहते हैं और जनता की परेशानी का कोई हल करने वाला नहीं है क्षेत्रीय विधायक से नगर की जनता ने समाचार पत्र के माध्यम से अमानगंज उद्योग मंडल की व्यवस्थाएं सुधरवाने की अपील समाचार पत्र के माध्यम से की है जिससे आम जनमानस को शासन की योजना का सुचारू रूप से लाभ मिल सके एवं सरकार पर भरोसा बना रहे।

### बृहस्पति कुंड पर बनेगा मध्य प्रदेश का पहला शग्लास ब्रिज, करीब से जलप्रपात निहार सकेंगे टूरिस्ट, काम शुरू



**पन्ना।** पन्ना में स्थित बृहस्पति कुंड जल प्रपात पर प्रदेश का पहला ग्लास ब्रिज बनने जा रहा है. यह देश का तीसरा ग्लास ब्रिज कहलाएगा। जिला प्रशासन ने यहां पर ग्लास ब्रिज बनाने का प्रस्ताव सरकार के सामने रखा था, जिसकी मंजूरी पूर्व में ही हो चुकी थी। अब टेंडर भी जारी हो गया है. ग्लास ब्रिज बनने से पर्यटक करीब से बृहस्पति कुंड को देख सकेंगे, प्राप्त जानकारी के अनुसार, बृहस्पति कुंड जलप्रपात पर बनने वाला भारत का तीसरा ग्लास ब्रिज कांच से बनाया जाएगा. जिसका टेंडर लगभग 3 करोड़ में हो चुका है और इंजीनियरों द्वारा इसका निरीक्षण भी किया जा रहा है। बता दें कि यह जमीन पर लगभग 18 फुट रहेगा और हवा में 11 फुट निकलेगा। इसमें लोगों को जाने के लिए सीमा निर्धारित होगी। करीब एक बार में 8 से 10 लोग ही हवा में निकले हुए हिस्से पर जा सकते हैं जो पूरी तरह से ग्लास का बना होगा।

### देवेंद्रनगर क्षेत्र के निजी स्कूलों की मनमानी अभिभावकों की जेब पर पड़ रही भारी

**पन्ना।** शासन के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे देवेंद्रनगर क्षेत्र के निजी स्कूल संचालक प्राइवेट स्कूल संचालकों द्वारा बच्चों की पढ़ाई के अनुरूप अत्यधिक वसूल रहे फीस सरकार द्वारा पिछले माह हर स्कूल का पोर्टल में कराया गया था फीस का रेट निर्धारित अच्छी शिक्षा और बेहतर व्यवस्था के लिए अभिभावक महंगाई की मार से बेहाल हैं। दुकानदार और स्कूल प्रबंधकों के कमीशनखोरी अभिभावकों पर भारी पड़ रही है। निजी स्कूल संचालक पूरी तरह से मनमानी पर उतारू हैं। नया सत्र प्रारंभ होते ही यूनिफार्म, जूता, मोजा के साथ ही किताबें और पाठ्यक्रम के नाम पर कमीशनखोरी का खेल शुरू हो गया है। स्कूलों के अंदर मन मुताबिक रेट पर छपवाकर किताबें रख ली गई हैं और उन किताबों को स्कूल में रखकर बेची जा रही है सूत्र क्या इन शिक्षा माफिया के ऊपर होगी कार्यवाही स्कूलों की अगर उच्च स्तरीय जांच होगी तो कई स्कूलों पर हो सकती है कड़ी कार्यवाही कई ऐसे स्कूल की जो शासन के नियमों का नहीं कर रहे पालन क्या देखकर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मान्यता दे दी गई यदि उच्च स्तरीय जांच होगी तो कई स्कूलों की मान्यता भी रद्द की जा सकती है।

## सबसे ज्यादा केवायसी के प्रकरण का हुआ निपटारा

# ग्राम पंचायत की जनसुवाई में ग्रामीणों का दिखा उत्साह







**पन्ना।** जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार की पहल से आज मंगलवार के दिन अजयगढ के 65 ग्राम पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मागदर्शन में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जनसुवाई का आयोजना किया गया। समर्थन संस्था ने भी 30 ग्राम पंचायत में 60 पंचायत मित्रो को सामाजिक सुरक्षा में आ रही समस्या को दूर करने में पंचायत को सहयोग करने एवं सामुदाय को जानकारी देने में सहयोग किया गया । जनपद की सभी ग्राम पंचायत में जनसुवाई के प्रति उत्साह देखा गया एवं जमीनी अमला पूरे सतय तैनात रहा। जनपद स्तर की नोंडल टीम भी ग्राम पंचायतो में जाकर सहयोग किया। ग्राम पंचायत राजापुर के सचिव मिठाईलाल, सहायक सचिव बाबू सिंह राजपूत एवं दिलीप अहिरवार ने हितग्राहियों को मदद की। ग्राम पंचायत राजापुर एवं नन्दनपुर में नवल किशोर पटेल पंचायत समन्वय अधिकारी ने जाकर देखा एवं टीम का उत्साह बर्धन किया और कहा की जनता को पंचायत में ही सभी सुविधा मिले इसके लिये हम सब मिलकर काम करेगे। किसी पात्र परिवार को जनपद एवं जिले में न आना पड़े इसके लिये सरकार ने मंगलवार को ग्राम पंचायत में जनसुनवाई रखी है ताकि लोगो को गांव में ही सुविधा मिल सके।

### ग्रामीणों ने कहा समय और पैसा दोनों बचेगा

### जनसुनवाई की ग्रामीणों ने की सराहना -

पंचायत में आये लोगो ने कहा की इस छोटी से समस्या के लिये भी दूकानो में भटकना पड़ता था समय और पैसा खर्च करना पड़ता था ,आज वही कार्य गांव में ही हो गया। '' ज्ञानेन्द्र तिवारी ने कहा की कलेक्टर महोदय की यह पहल जन हितैषी है इससे हकदारो को योजना के लाभ के लिये भटकना नही पडेगा उनका समय और पैसा बचेगा । स्थानीय सरकार के रूप में पंचायत काम करेगी तो खुद स्वाशाान एवं गुड गवर्नेन्स आयेगा। '' रनिया लोधी - लगभग 75 वर्ष ने कहा की हमारा काम गांव में ही गया हम बहुत खुस है। सचिव रामसरण पटेल एवं सहायक सचिव हीरालाल शार्मा ने कहा की हम नियमित पंचायत में काम करते। आज की जनसुवाई में समर्थन के 60 पंचायत मित्र एवं दीपक,फरीदा,विनीत द्विवेदी ,मीत पटेल, विकास मिश्रा, लखन लाल शर्मा एवं ज्ञानेन्द्र तिवारी ने पंचायत एवं हितग्राहियो को मदद किया।

## दया और करुणा की भावना रखें- बहन जी





पन्ना। अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना की ओर से स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में डॉक्टर्स के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ वृक्षारोपण के साथ किया गया। बहन जी ने सभी डॉक्टरों का सम्मान करते हुए एवं शुभकामनाएं देते हुए तथा आज के दिन की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। आप पर परिवार के साथ-साथ समाज की भी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, डॉक्टर का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। आज हम देखते हैं कि 90ः बीमारी मन के कमजोर होने से उत्पन्न होती है, मरीज की आधी से ज्यादा बीमारी डॉक्टर के स्नेहपूर्ण व्यवहार से ठीक हो जाती है तो डॉक्टर का तन को स्वस्थ रखने के साथ-साथ हमारे मन को ठीक रखने में भी महत्वपूर्ण स्थान है। हम एलोपैथी, होम्योपैथी अनेक तरह की दवाओ का प्रयोग करने के साथ-साथ सिंम्पैथी का भी उपयोग करके सबका भला करें। ड्यूटी को सिर्फ ड्यूटी समझ कर नहीं परंतु अपना कर्तव्य समझ कर पूर्ण समर्पण भाव से निभाएं। मरीज को सिर्फ मरीज नहीं समझ कर वरन अपनी फैमिली मेंबर समझकर दया एवं करुणा' के साथ सेवाएं दें। धन के साथ-साथ दुआ भी कमाएं। कार्यक्रम में डॉक्टर अभिषेक जैन(सपत्नी) मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी (ब्ठड०) देवेंद्रनगर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# दीक्षारंभ समारोह के दूसरे दिवस विद्यार्थियों ने पूरे परिसर का किया भ्रमण



**पन्ना।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में नामांकित छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में दीक्षारंभ समारोह के दूसरे दिन विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. एस. पी. एस. परमार के सानिध्य में सरस्वती वंदना से हुआ। इस महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी. पी. मिश्रा ने शैक्षणिक विनियम एवं दिशा निर्देश के अंतर्गत विद्यार्थियों को बताया कि मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग निरन्तर प्रयत्नशील है कि शिक्षण संस्थाओं में अध्ययसयनरत युवा शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक रूप से सशक्त हों, ऊर्जावान हों, इसके साथ ही इन युवाओं में सांस्कृतिक, सामाजिक, नैतिक प्रतिबद्धता मूल्यबोध एवं संस्कार विकसित हों और वे संवेदनशील भी हों ताकि ये युवा अध्ययनोपरान्त जब समाज में जाय ंतब अपना श्रेष्ठतम योगदान देते हुए मानवता की सेवा कर सकें। महाविद्यालय विश्वध बैंक एवं रुसा परियोजना, स्मांर्ट शिक्षण व्येवस्थाग, वर्चुअल कक्षा परियोजना, रेमेडियल कक्षाएं, कौशल विकास इत्यायदि विभिन्न नवाचारों के माध्यम से शिक्षण व्यवस्था प्रभावशाली हुई है। डॉ. आर. डी. साकेत एवं डॉ. अंकिता सोनी ने विद्यार्थियों को मिलने वाले विभिन्न छात्रवृत्तियों के अंतर्गत पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की बेटी, प्रतिभा किरण , मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना के साथ साथ अन्य मिलने वाले छात्रवृत्ति के बारे में नवप्रवेशित छात्रों को अवगत कराया। महाविद्यालय के तीनों संकायों के सभी विभागाध्यक्षों ने छात्रों द्वारा लिए जाने वाले विषयों के बारे में जानकारी दी। डॉ. शिव गोपाल सिंह , डॉ. समीक्षा सिसोदिया व श्रीमती रचना गुप्ता ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न प्रयोगशालाएं, कार्यशालाएं एवं डिजिटल संसाधनों से परिचय कराने के साथ साथ इनका भ्रमण भी कराया गया। डॉ. गुलबधर , डॉ. सत्यप्रकाश बेरईया , श्री विपिन कुमार एवं श्रीमती अमिता सिन्हा ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को पुस्तकालय का भ्रमण कराया और उन्हे ई लाइब्रेरी , पुस्तकालय से संबंधित नियमो एवं योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ इसी वर्ष से प्रारंभ की गई विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र से अवगत कराया जहां से मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी से प्रकाशित पुस्तकें क्रय की जा सकती है। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी एवं संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल , सह संयोजक डॉ सतीश त्रिपाठी एवं डॉ. पुष्पराज सिंह ने इस प्रकोष्ठ से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया एवं महाविद्यालय में स्थापित विवेकानंद युवा संसाधन केंद्र का भ्रमण भी कराया। डॉ. एम. के. शुक्ला , श्री सिद्धू सिंह एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर श्री धर्मेन्द्र यादव ने नव प्रवेशित छात्रों को विभिन्न पाठ्येत्तर गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. सचिन गोयल ने भारतीय परंपरा केंद्र प्रकोष्ठ का भ्रमण कराया और इसके महत्व के बारे में विद्यार्थियों को बताया। कार्यक्रम के मंच का कुशल संचालन डॉ. बी. एन. जायसवाल एवं डॉ. श्वेता ताम्रकार द्वारा किया गया। एवं आभार प्रदर्शन डॉ. धर्मेंद्र यादव द्वारा किया गया। आज के इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस. के. पटेल, डॉ आर. एम. दत्ता, डॉ. जे. के. वर्मा, डॉ. विनय श्रीवास्तव, डॉ. आनंद चौरसिया, डॉ. पुष्कर सिंह , डॉ. रजनीश चौरसिया , डॉ. कविता परवंदा, डॉ. बृजेश दोहरे , डॉ. राम मोहन तिवारी, डॉ. अंकिता सोनी, श्री मयंक सिंह, डॉ. निशांत खरे, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. अनुराधा चौरसिया, डॉ. पुष्पराज चौरसिया, श्री अरविंद निषाद, डॉ. पियूषा शर्मा, डॉ. बरदानी प्रजापति, डॉ. अरविंद मंडेलिया के साथ साथ महाविद्यालय के छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

## पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में पुलिस लाइन ग्राउण्ड पन्ना एवं चौकी परिसर बराछ में किया गया वृक्षारोपण

**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल की मंशानुरूप पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त पुलिस थानो/चौकियों में वृक्षारोपण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 02 जुलाई 2024 को पुलिस अधीक्षक पन्ना की उपस्थिति में पुलिस लाइन ग्राउण्ड पन्ना एवं चौकी परिसर बराछ में वृक्षारोपण किया गया। पुलिस लाइन पन्ना में



वृक्षारोपण हेतु छत्रसाल महाविद्यालय में हिन्दी विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती उमा त्रिपाठी एवं उनकी बेटी ईशा तिवारी द्वारा सहयोग स्वरूप 50 पौधे निजी व्यय पर उपलब्ध कराये गये। पुलिस चौकी परिसर बराछ में हुये वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुलिस चौकी निर्माण हेतु जमीन दान करने वाले जगदीश सिँह जागीरदार के पुत्र दृगपाल सिँह धंधेरे को सम्मानित किया गया। वृक्षारोपण के दौरान पुलिस लाइन ग्राउण्ड पन्ना में करीब 200 पौधे एवं पुलिस चौकी बराछ में 60 पौधे लगाये गये। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, अनु. अधि. पुलिस पन्ना एस.पी. सिंह बघेल, अनु. अधि. पुलिस पवई श्री सौरभ रत्नाकर, रक्षित निरीक्षक पन्ना खिलावन सिंह कँवर, थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, निरीक्षक ज्योति सिकरवार, चौकी प्रभारी सकरिया सूबेदार संजय सिंह जादौन, प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी बराछ सउनि शिशिर मण्डल एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना और पुलिस लाइन का बल उपस्थित रहा। उपरोक्त सभी पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा भी पुलिस अधीक्षक पन्ना की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया है।

## सोने के आभूषण वजन करीबन 25 ग्राम कीमती करीबन 1 लाख 80 हजार रुपए के हुए बरामद?

# दुकान में घुसकर चोरी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार



**गुनौर।** पन्ना पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में घटित संपत्ति संबंधी अपराधों में खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया है। उसी तारतम्य में फरियादी रामादीन सोनी पिता पुरषोत्तम सोनी उम्र 40 साल निवासी हरद्वाही रोड़ ग्राम गुनौर के द्वारा थाना गुनौर में उपस्थित होकर के रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी ज्वेलरी की दुकान में घुसकर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा दुकान के अंदर दराज में रखें सोने के आभूषण चोरी कर लिए हैं। घटना गंभीर एवं संवेदनशील पाए जाने से थाना प्रभारी द्वारा सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं पन्ना अधीक्षक के द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी गुनौर को तत्परता के साथ घटना का खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया था। गुनौर पुलिस के द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए जिसके आधार पर एक संदेही नाबालिक बालक से घटना के संबंध में पूछताछ की गई जिसके द्वारा पूछताछ पर अपना जुर्म स्वीकार किया गया है एवं चोरी किए गए सोने के आभूषण कुल वजनी करीवन 25 ग्राम जिसकी कीमती करीबन एक लाख अस्सी हजार रुपए के बरामद किए गए है। अपचारी नाबालिक को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां माननीय न्यायालय के आदेश से अपचारी बालक को बाल संप्रेषण गृह छतरपुर भेज दिया गया है। पन्ना पुलिस अधीक्षक के द्वारा उत्साहवर्धन के लिए टीम को पुरस्कार करने की घोषणा की गई है। उक्त संपूर्ण कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक अशोक गौतम, प्रधान आरक्षक सुरेश पांडे, आरक्षक शिवेंद्र मिश्रा, होमगार्ड सैनिक माधव प्रसाद, वाहन चालक आरक्षक बृजेश सिंह घोसी के द्वारा की गई।

## पन्ना पुलिस द्वारा सलेहा थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल चोरी करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** थाना सलेहा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बिरवाही से फरियादी के आँगन में खड़ी मोटर साइकिल रात्रि के समय चोरी करने वाले आरोपी जगतलाल कुशवाहा को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजा गया है। मामले में फरियादी नरेश आदिवासी पिता उत्तम आदिवासी निवासी बिरवाही द्वारा पुलिस को रिपोर्ट में बताया गया कि दिनांक 11 जून 2024 को रात में मैं अपने घर के आँगन में अपनी मोटर साइकिल रखकर सोया था। लेकिन जब सुबह जगा तो मोटर साइकिल नही थी कोई अज्ञात चोर रात में मोटर साइकिल चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 186/24 धारा 379 भादवि का



कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा घटना कारित करने वाले आरोपी को त्वरित गिरफ्तार किये जाने के निर्देश दिये गये थे। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना सलेहा पुलिस टीम द्वारा घटना कारित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल जप्त की गई है । उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि सरिता तिवारी, उनि अनिल सिंह राजपूत प्रभारी सायबर सेल, चौकी प्रभारी कल्दा उनि जे पी अहिरवार, प्र.आर. राजेश, रावेन्द्र पाण्डेय आर. सतीश, हरगोविन्द एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा ।

## पुलिस ने पकड़े रेत से भरे टेक्टर-ट्राली



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईकृष्ण एस थोटा के निर्देशानुसार नगर में रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्राली द्वारा बड़े सबेरे से धमा चौकडी मचाने वाले टेक्टर ट्राली से लोड रेत लिए हुए आम रास्तों को जाम करते हुए यातायात बाधित कर रहे है, मंदिर के रास्ते, स्कूल परिसर के सामने से निकलने पर छात्र-छात्राओं को दुघर्टनाओं से बचाने के लिए इन अवैध रेत से भरे 9 वाहनों पर यातायात पुलिस की टीआई नीलम लक्षकार ने इसे संज्ञान में लेते हुए 9 ट्रेक्टरों को जब्त कर कानूनी कार्यवाही की गई। इनमें से कुछ टेक्टर अवैध रूप से बिना रजिस्टेशन के भी पकड़े गये। जिन्हें जब्त कर आगामी कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को सौंपा है। अब देखना यह है कि खनिज विभाग इस पर क्या कार्यवाही करता है।

## मध्यप्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व आज से बंद, अब 1 अक्टूबर को खुलेंगे

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के छह टाइगर रिजर्व में बांधवगढ़, कान्हा, पेंच, सतपुड़ा, पन्ना और संजय धुबरी को 1 जुलाई से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है।हालांकि कुछ टाइगर रिजर्व के बफर जोन में टाइगर सफारी जारी रहेगी। अब नेशनल पार्क या टाइगर रिजर्व के कोर जोन में टूरिस्ट नहीं जा सकेंगे। नेशनल पार्कों और टाइगर रिजर्व में तीन महीने तक पर्यटकों के लिए यह पाबंदी लागू रहेगी।

**खबर संक्षेप**



## शराब दुकान के कारण हो रही परेशानी

**छतरपुर।** शहर के बस स्टैंड के समीप स्थित महेश टॉकीज के बगल में शराब दुकान खुल जाने के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। मंगलवार को स्थानीय रहवासियों ने जनसुनवाई में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर समस्या हल कराने की मांग की है। स्थानीय रहवासी प्रकाश चंद जैन ने बताया कि महेश टॉकीज के पास खोली गई शराब दुकान पर दिन भर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। दुकान से शराब खरीदने के बाद शराबी वहां बैठक शराब पीते हैं और फिर आतंक मचाते हैं, जिस कारण से आसपास दुकानें संचालित करने वाले व्यापारियों और परिवारों को भारी परेशानी हो रही है। हालात ऐसे हैं कि महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। आए दिन शराबियों का आपस में झगड़ा होता है और वे एक दूसरे के साथ गाली-गलौज करते हैं। कलेक्टर और एसपी को आवेदन देकर लोगों ने समस्या हल कराने की मांग की है।

## राजीनामा का दबाव बनाने की मारपीट



**छतरपुर।** बकस्वाहा थाना क्षेत्र के ग्राम भड़ाटोर निवासी युवक ने पिछले दिनों परिवार की एक युवती के साथ गांव के एक व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म किए जाने का प्रकरण थाने में दर्ज कराया था। युवक का आरोप है कि इसी प्रकरण में राजीनामा का दबाव बनाने के लिए आरोपी के परिजनों ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। मंगलवार को पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को फरियाद सुनाकर न्याय की गुहार लगाई है। भड़ाटोर निवासी मनोज लोधी ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव के म_ लोधी ने उसके परिवार की युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया था, जिसका रिपोर्ट बकस्वाहा थाने में दर्ज है और प्रकरण विचाराधीन है। मनोज के मुताबिक 30 जून को आरोपी के परिजन लल्लू, कल्ले, मच्छर, चंदू और भूरे लोधी के द्वारा उसे तथा उसकी मां गुट्टीबाई लोधी को पीटते हुए राजीनामा न करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। मनोज ने बताया कि बलात्कार का आरोपी भी अभी फरार है। एसपी को आवेदन देकर मनोज ने सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई कराने की मांग की है।

## सब्जी विक्रेता के साथ मारपीट



**छतरपुर।** बमीठा थाना अंतर्गत आने वाले चंद्रनगर कस्बे की साप्ताहिक हाट में एक व्यक्ति का सब्जी विक्रेता के साथ 20 रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ा कि बाद में संबंधित व्यक्ति द्वारा सब्जी विक्रेता के साथ जमकर मारपीट की गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसे संज्ञान में लेकर सब्जी विक्रेता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चंद्रनगर के समीपी ग्राम भियांताल निवासी महेन्द्र अहिरवार साप्ताहिक हाट में सब्जी की दुकान लगाए हुए था, तभी नीरज यादव नाम का युवक उसकी दुकान पर पहुंचा। महेन्द्र के मुताबिक नीरज पिछले सप्ताह उसकी दुकान से सब्जी लेकर गया था, जिसके 20 रुपए उधार थे।

### आरोप : यात्रियों की शिकायत के बाद भी बसों में परिवहन विभाग नहीं कर रहा कार्यवाई

# बसों में किराया सूची नहीं, यात्रियों से हो रही मनमानी वसूली

**शहर में स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड से छतरपुर, पलेरा, महोबा, झांसी, ईशानगर सहित अन्य स्थानों के लिए गुजरने वाली यात्री बसों में आरटीओ द्वारा सत्यापित कराया सूची चस्पा नहीं है। जिसके चलते निजी बस संचालकों की मनमानी के आगे आम यात्रियों को बेबस होकर दोगुना किराया देने के बावजूद अपमानित होना पड़ रहा है।**

**नौगांव।**




बस मालिकों ने देखरेख के लिए गुंडों,एजेंटों को पाल रखा है, यह यात्रियों से अभद्र व्यवहार करते हैं। बेबस यात्री अपमान का घूंट पीकर सफर करने को मजबूर हो रहे हैं। बसों में दिव्यांग यात्रियों को भी किराए में रियायत नहीं मिल रही है। बस मालिकों ने अपनी इच्छा अनुसार किराए में वृद्धि कर वसूली में लगे हैं। खास बात तो यह है कि यात्रियों के द्वारा इस मामले में परिवहन विभाग सहित स्थानीय प्रशासन में कई बार शिकायत की जा चुकी है,लेकिन इसके बाद भी अधिकारी कोई कार्यवाई नहीं कर रहे हैं।

परिवहन विभाग दावा करता है कि यात्रियों से तय किराए से अधिक किराया लेने पर बस ऑपरेटर पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन कार्रवाई के नाम पर ना तो जांच होती है और ना ही बसों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर उनके दस्तावेज आदि चेक किए जाते हैं, हैरानी की बात तो यह है कि परिवहन विभाग द्वारा यहां ना यात्री बस का बीमा, परमिट, फिटनेस चेक किया जा रहा है ना ही बसों में किराया सूची चस्पा है। अधिकांश बसों में आपातकालीन द्वार, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर और फायर किट भी मौजूद नहीं है। आरटीओ बस संचालकों की मनमानी को रोकने के लिए कोई ठोस कार्यवाही भी नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते यात्रियों को जिसके चलते यात्री बस चालकों संचालकों के हाथों लूटने को मजबूर हैं।

नौगांव बस स्टैंड से रोजाना 100 से अधिक बसों का आवागमन होता है। जिसमें हजारों यात्री यात्रा कर अपने-अपने गांव शहर के लिए जाते हैं। यहां से रोजाना छतरपुर पलेरा हरपालपुर ईसानगर महोबा झांसी सहित अन्य शहर एवं गांव के लिए बसें चलती है। इन बसों में यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है। बस संचालकों द्वारा नियुक्त एजेंट मनमानी किराया वसूलते हैं। विरोध करने पर यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार भी किया जाता है। इसके अलावा कंडक्टर और ड्राइवर ड्रेस भी नहीं पहनते हैं, जिससे कई बार यात्रियों को असुविधा का भी सामना करना पड़ता है।

**इनका कहना है**

बसों की जांच के लिए टीम गठित कर कार्रवाई की जाएगी।

**विक्रमजीत सिंह कंग**
**आरटीओ, परिवहन विभाग छतरपुर**



## तहसील में 6 लाख रुपये में 1 साल के लिए नीलाम हुई तालगूदड मंदिर में लगी कृषि भूमि

**लवकुशनगर।** नगर के चौरसिया मोहल्ला स्थित रामजानकी तालगूदड़ मंदिर में लगी 23.650हे. कृषि भूमि लवकुशनगर मौजा में स्थित है। इस भूमि की नीलामी एक वर्ष के लिए खेती करने के लिए तहसील लवकुशनगर में की जाती है। पिछले बर्ष इस भूमि की नीलामी 5 लाख इक्यासी हजार रुपये में हुई थी। बोली लगाने में प्रवीण रिछारिया और जितेंद्र द्विवेदी शामिल हुए पहली बोली में 100- 100 रुपए बढ़ाए गए। इसके बाद जीतेंद्र द्विवेदी ने 5 लाख 85 हजार रु बढ़ाए वही प्रवीण रिछारिया ने 5 लाख 90 हजार रु बढ़ा दिए। इसके बाद जीतेंद्र द्विवेदी ने 5 लाख 95 हजार रु बढ़ा दिए और आखिर में प्रवीण रिछारिया ने 6 लाख की बोली लगाकर भूमि को एक साल के लिए अपने नाम करा लिया। और इस बार यह भूमि बढ़कर 6 लाख रुपये में प्रशासन की तरफ से 1 साल के लिए विक्रय की गई। बोली लगाने वालों में प्रवीण रिछारिया और जीतेन्द्र कुमार द्विवेदी के बीच बोली लगाने की प्रतिस्पर्धा देखी गई। जिसमे प्रवीण रिछारिया द्वारा 6 लाख रुपये की अधिकतम बोली लगाकर नीलामी में एक साल के लिए खेती करने के लिए यह भूमि प्राप्त की गई। पिछले वर्ष भी यह भूमि प्रवीण रिछारिया को प्राप्त हुई थी।

## सागर की टीम ने जांच में गड़बड़ी पाई थी, जांच के बाद उपसचिव भोपाल ने की बड़ी कार्यवाही

### उद्योग विभाग के प्लाट आवंटन में गड़बड़ी के मामले में महाप्रबंधक और प्रबंधक निलंबित

**छतरपुर।**




उद्योग विभाग की चन्द्रपुरा स्थित बेशकीमती जमीन के आवंटन में गड़बड़ी कर विभागीय अधिकारियों के द्वारा लाखों रूपए कमाए जाने की शिकायत पिछले काफी समय से की जा रही थी। उद्योग विभाग के महाप्रबंधक गुप्ता एवं प्रबंधक मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। इसी मामले को बड़ामलहरा कांग्रेस विधायक रामसिया भारती ने विधानसभा में उठाया। परिणामस्वरूप पूरे मामले की सागर से आयी संयुक्त संचालक की टीम ने जांच की जिसमें प्रथम दृष्टया गड़बड़ी सामने आयी। इसी गड़बड़ी के चलते महाप्रबंधक एवं प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है।

चन्द्रपुरा की उद्योग विभाग की जमीन के आवंटन में हुई गड़बड़ी का मामला जब विधानसभा में गूंजा तो सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग हरकत में आ गया। तत्काल संयुक्त संचालक परिक्षेत्रीय उद्योग कार्यालय सागर की टीम ने स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति जानी। इस जांच में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आशुतोष गुप्ता एवं प्रबंधक श्रीप्रकाश मिश्रा ने जांच में कोई सहयोग नहीं दिया। प्रथम दृष्टया औद्योगिक क्षेत्र का विधिवत सीमांकन नहीं कराए जाने तथा भूमि उपलब्ध न होने के बावजूद इकाईयों को जमीन आवंटित की गई जो नियम विरूद्ध है। इतना ही नहीं नियमों को ताक पर रखकर भूमि हस्तांतरण भी कराया गया। न्यायालय से स्थगन के बाद भी उक्त दोनों अधिकारियों की मनमानी जारी रही। पार्क हेतु आरक्षित भूमि पर निजी व्यक्तियों का कब्जा पाया गया। उपसचिव मप्र शासन सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग ने महाप्रबंधक एवं प्रभारी प्रबंधक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। श्रीप्रकाश मिश्रा को निलंबित कर उनका मुख्यालय श्योपुर निर्धारित किया गया है जबकि महाप्रबंधक आशुतोष गुप्ता को सिंगरौली अटैच किया गया है। शासन की इस कार्यवाही से उन लोगों ने राहत की सांस ली है जिनके भूखण्डों में हेरफेर किया जा रहा था साथ ही घोर अनियमितताओं पर विराम भी लग गया है।

# नौगांव जनपद की ग्राम पंचायत लहादरा का मामला

## मनरेगा मजदूरों को नहीं मिल रहा पंचायत में काम, महानगरों में पलायन के लिए मजबूर



### सरपंच, सचिव पंचायत काम मशीनों से करा रहे, कमीशन के चक्कर में अधिकारियों की आखें बंद?

**नौगांव।**

नौगांव जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत लहादरा में शासन की गांव में ही मजदूरों को रोजगार देने और पलायन को रोकने के उद्देश्य से चलाई जा रही जनहितैषी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है, पंचायत में चल रहे विकास कार्य मानवश्रम से न करा कर मशीनरी से कराए जा रहे हैं जिसके चलते ग्रामीणों को गांव में काम न मिलने के कारण शहरों में पलायन को मजबूर है, तो वहीं पंचायत द्वारा मशीन से कार्य कराकर शासन की मंशा पर पानी फेर रहे हैं।

ग्राम पंचायत लहादरा सरपंच गुलाब कुंवर यादव और सचिव बिहारी अहिरवार एवं पंचायत के प्रभारी उपयंत्री सहित अधिकारियों के द्वारा मजदूरों का गांव में रोजगार न देकर गांव में होने वाले विकास कार्य मशीनों से कराए जा रहे है। गुरुवार और शुक्रवार को लहादरा ग्राम पंचायत के ग्राम बारबई में तालाब की जेसीबी से खुदाई हो रही थी। जिसका ग्रामीणों ने महिलाओं के साथ एकत्रित होकर विरोध किया और जागरूक लोगों को मौके पर बुलाया मौके की गंभीरता को भांप कर सरपंच सचिव ने जेसीबी मशीन को मौके से हटा लिया। जिसके साक्ष्य अभी भी मौके पर मौजूद है।

### 15वें वित्त और मनरेगा की राशि का हो रहा बंदरबाट -

ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच सचिव द्वारा ग्रामीणों को रोजगार न देकर मशीनों से काम कराया जाता है एवं सरपंच अपने चहेतों के नाम फर्जी मस्टर भरकर मनरेगा की राशि का गबन कर रहे है। 15 वें वित्त और मनरेगा की राशि ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा फर्जी रूप से ठिकाने लगाई जा रही है। ग्रामीण महिलाओं ने आरोप लगाया कि गांव में रोजगार न मिलने से हमारे परिवार के सदस्य दिल्ली, पंजाब मजदूरी करने जाते हैं और कुछ लोग हरपालपुर इत्यादि शहर में काम करने जाते है। बारबई ग्राम की बेवा महिला ने बताया कि सरपंच सचिव को कई बार आवास के लिए दस्तावेज दिए लेकिन आज तक न तो आवास योजना का लाभ मिला और न ही ग्राम पंचायत में मजदूरी करने करने को मिली है पति न होने के कारण अन्य शहर में बच्चों को छोड़कर मजदूरी भी नही करने जा सकते है।

ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव के साथ - साथ मॉनिटरिंग करने वाले जनपद एवं जिला के अधिकारी भी जिम्मेदार है -

शासन द्वारा ग्रामीणों को गांव में रोजगार एवं विकास कार्य कराने के लिए पूरी तरह से संजीदा है, शासन द्वारा गांव में हो रोजगार के लिए विभिन्न विकास कार्य मजदूरों से कराए जाने के प्रावधान हैं, और इसका कानून भी बना है। लेकिन गांव के सरपंच एवं सचिव कार्यो को मजदूरों से न कराकर मशीनों से कराने पर ज्यादा बल देते हैं। इसमें ज्यादातर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव के साथ - साथ मॉनिटरिंग करने वाले जनपद एवं जिला के अधिकारी भी जिम्मेदार है। जिसके चलते गांव के सरपंच एवं सचिव मजदूरों से कार्य न कराकर मशीनों से से कार्य कराते हुए शासन की मंशा पर पानी फेर रहे हैं, और ग्रामीण पलायन को मजबूर हैं।

**इनका कहना है**

ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार देने और पलायन रोकने के लिए सरकार द्वारा योजनाएं चलाई जा रहीं हैं, यदि ग्रामीणों को गांव में रोजगार न देकर मशीनों से काम कराया जा रहा है, तो जांच कर कार्रवाई करेंगे

**डॉक्टर हरीश केशवानी**
**प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत, नौगांव**



## स्कूल वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही कर 21,000/- रूपये जमा कराया समन शुल्क



**सिंगरौली ।** श्रीमती निवेदिता गुप्ता (भापुसे) पुलिस अधीक्षक महोदया सिंगरौली के निर्देशन में एवं श्री शिव कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिगरौली, एवं श्री पी.एस. परस्ते, नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर के मार्गदर्शन में स्कूल वाहनो के विरूद्ध की गई कार्यवाही।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, एवं यातायात नियमों की जागरुकता हेतु लगातार यातायात प्रर्वतन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तारतम्य में आज दिनांक 02.07.2024 को स्कूली बच्चों के सुरक्षित एवं सुगम परिवहन हेतु यातायात पुलिस द्वारा ग्रामीण एव शहरी क्षेत्र में अलग-अलग टीमें लगाई जाकर स्कूलो से अनुबंधित वाहनो के विरूद्ध शासन द्वारा स्कूल बसो हेतु जारी दिशा-निर्देश का पालन नही करने के कारण 34 स्कूल वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही कर 21,000/- रूपये संमन शुल्क जमा कराया गया है। स्कूल वाहनो वाहनो द्वारा स्कूली बच्चो के परिवहन एवं स्कूल बसो हेतु निर्धारित की गई गाइड लाइन एवं निर्देशो का पालन नहीं किए जाने पर अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, स्कूली वाहनो पर उक्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी सिंगरौली पुलिस समस्त अशासकीय एवं शासकीय स्कूल प्रबंधन एवं बस आपरेटरो से अपील करती है, कि स्कूली बच्चो के परिवहन संबंधी शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशो के अनुरूप वाहनो के दस्तावेज एंव स्कूली बच्चो के सुरिक्षत परिवहन हेतु समस्त दिशा-निर्देशो का पालन करे उनि अभिषेक पाण्डेय, सउनि सुरेश शुक्ला, सउनि हॉमिद खॉन, प्रआर 18 पुष्पेन्द्र, प्रआर उमेश बागरी, प्रआर नंदकिशोर, आर प्रवेश तिवारी एंव अन्य समस्त यातायात स्टॉप की सराहनीय योगदान रहा।

## बागेश्वर धाम धार्मिक स्थलों पर चैन स्नैचिंग करने वाली महिलाओं को गिरोह पकड़ा

### भारतीय न्याय संहिता की नई धाराओं में दर्ज हुआ मामला

**छतरपुर।** धार्मिक स्थलों पर चैन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाली महिलाओं के गिरोह को बमीठा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि एक दिन पूर्व थाना क्षेत्र के धार्मिक स्थल बागेश्वर धाम में चैन स्नैचिंग की घटना हुई थी, जिसमें फरियादी की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की नई धाराओं में मामला दर्ज किया गया और इसके बाद घटना कारित करने वाले गिरोह को पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि सोमवार को नवी मंबई निवासी रश्मि शर्मा पत्नी गौतम शर्मा उम्र 31 वर्ष ने बमीठा थाना में शिकायत करते हुए बताया था कि वह अपने पति के साथ बागेश्वर धाम आई हुई थी, जहां मंदिर परिसर के रामदरबार के समीप करीब आधा दर्जन महिलाओं ने उसे घेर लिया और बातों में उलझाकर उसके गले से सोने की चैन खींच ली, चैन में सोने का पैंडल भी था। रश्मि शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहित का धारा 112(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया और जांच शुरु की। विवेचना के दौरान पुलिस ने 7 महिलाओं को बागेश्वर धाम से गिरफ्तार किया, जिन्होंने पूछताछ में चैन स्नैचिंग करना स्वीकार किया। एसपी श्री जैन ने बताया कि पकड़ी गई महिलाओं का यह गिरोह बागेश्वर धाम सहित देश के अन्य प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पर चैन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देता था। एसपी अगम जैन ने बताया कि देश-विदेश की लोगों की आस्था का केन्द्र बन चुके बागेश्वर धाम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि बागेश्वर धाम की सुरक्षा हेतु पीएचक्यू से अतिरिक्त फोर्स मिला है।

## समस्त थाना चौकी क्षेत्रो में आयोजित किये जा रहे जन जागरुकता अभियान कार्यक्रम

**सिंगरौली ।** देशभर में 1 जुलाई से तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गये है। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ नागरिक भी नए कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें, इसके लिए मध्य प्रदेश पुलिस के अधिकृत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब पर एनिमेशन वीडियो और शॉर्ट फिल्म अपलोड की गई हैं। इसके अलावा सिंगरौली पुलिस के अधिकृत सोशल मीडिया हैंडल्स पर भी जागरूकता संबंधी पोस्ट की जा रही हैं। सभी थानों में पोस्टर एवं बैनर लगाए गए हैं, जिसमें नए कानूनों को समझाया जा रहा है। जिले में मुख्यालय, अनुभाग, थानों, चौकी में वेबीनार एवं सेमिनार के माध्यम से पीड़ितों को सुलभ और तुरंत न्याय दिलाने के लिए जिले के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को



प्रशिक्षित किया है। थाना प्रभारी, अनुसंधानकर्ता, ऑपरेटर के प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर भी नियुक्त किये गए थे। पुराने कानूनों के आधार पर विवेचना करते आए अधिकारियों और कर्मचारियों को नए कानूनों से अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण शालाओं, सेमिनारों और कार्यशालाओं का आयोजन जोन से लेकर थाना एवं चौकी स्तर तक किया गया। पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश पुलिस की अध्यक्षता में नवीन अपराधिक अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु निरंतर प्रदेश स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी आयोजित की जाती रही है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया एवं सोशल मीडिया में प्रकाशन एवं प्रसारण हेतु सिंगरौली पुलिस द्वारा जनसंदेश भी जारी किया गया है। साथ ही नवीन अपराधिक अधिनियम में जागरूकता हेतु जनसंवाद के कार्यक्रम समस्त थाना चौकीयो में आयोजित किये जा रहे है। कलेक्टर, श्री चन्द्रशेखर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक, श्रीमती निवेदिता गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा थाना कोतवाली द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर उपस्थित लोगो को नया भारत नया विधान के बारे में पूरी जानकारी दी और उपस्थित गणमान्य नागरिको की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

**खबर संक्षेप**

## किशोरी ने कर ली आत्महत्या



**रीवा ।** जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र मे रिश्ते के भाई के साथ प्रेम संबंध में एक किशोरी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली,परिजनों का कहना है कि वह रिश्ते के भाई से प्रेम करती थी तो दूसरी ओर पुलिस गुमशुदगी के मामले में किशोरी को पास के ही गांव से दस्तयाब किया था। नौवस्ता चौकी प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि किशोरी के गुमशुदगी की शिकायत चोरहटा थाने में 28 जून को दर्ज कराई गई थी दूसरे दिन पुलिस ने किशोरी को नौबस्ता चौकी क्षेत्र से दस्तयाब किया था,17 वर्षीय किशोरी जब अपने घर पहुंची तो उसी दिन उसने जहर का सेवन कर लिया जिसे उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी एक जुलाई को मौत हो गई इधर परिजनों का कहना है कि रिश्ते के भाई के साथ उसका प्रेम संबंध चल रहा था लेकिन इस बात की जानकारी उन्हें नहीं थी वहीं दोनों के बीच विवाह होना भी संभव नहीं था पुलिस के द्वारा जब किशोरी को परिजनों के सुपुर्द किया गया तो वह घर पहुंची और जहर का सेवन कर लि,किशोरी की मौत होने के बाद संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची है जहां मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## अब तक 62.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में दो जुलाई को 12.2 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। इस दिन जिले में सर्वाधिक सिरमौर में 30 मिलीमीटर तथा गुढ़ में 22 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 62.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 126.3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 15 मिलीमीटर, गुढ़ में 57 मिलीमीटर, सिरमौर में 81.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 36 मिलीमीटर, सेमरिया में 95 मिलीमीटर, मनगवां में 29 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 61 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 73.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**मऊगंज।** जिले में वर्षाकाल के दौरान जल भराव, पानी निकासी, बाढ़ की स्थित पर निगरानी रखने तथा राहत एवं सहायता तथा बाढ़ राहत प्रबंधन हेतु जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट मऊगंज में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे काम करेंगा। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी को बनाया गया है। उनका मोबाइल नंबर 799859590 है। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष में सुबह की पाली में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक अरूण इंगला मोबाइल नंबर 9713602131 एवं कौशलेन्द्र सिंह मोबाइल नंबर 9179822952 को नियुक्त किया है। जबकि दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय मोबाइल नंबर 8827857848 तथा रामलखन द्विवेदी मोबाइल नंबर 8827937530 की ड्यूटी लगायी है। इसी प्रकार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक सुरपाल चौहान मोबाइल नंबर 7898704949 एवं वीरेन्द्र कुमार मिश्र मोबाइल नंबर 9553385226 को नियुक्त किया गया है। रिजर्व के तौर पर उमेशचन्द्र हतागले मोबाइल नंबर 8982178085 तथा प्रेमलाल हरिजन मोबाइल नंबर 9755460196 रहेंगे। कलेक्टर ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष में दैनिक जानकारी पंजी में संधारित कर अपर कलेक्टर/डिप्टी कलेक्टर को प्रेषित करने के निर्देश दिये हैं।

**टीआरएस कालेज में दीक्षारंभ समारोह का दूसरा दिन**

# नव प्रवेशित छात्रों को कम्प्यूटर, लैब व संसाधन की दी जानकारी





शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग तथा प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में दीक्षारंभ समारोह के दूसरे दिन के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**रीवा**

दूसरे दिन के प्रथम वक्ता प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने छात्रों को महाविद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से परिचित कराते हुए अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह तथा लाल पद्मधर सिंह के देश प्रेम के बारे में बताया। व्याख्यान के दूसरे खण्ड में डॉ. शुक्ल ने युवक रेडक्रास की गतिविधियों से छात्रों को परिचित कराते हुए बताया कि रेडक्रास इकाई अपातकालीन गतिविधियों स्वास्थ सुरक्षा शिक्षा स्वयं सेवा के अवसर नेतृत्व विकास सामाजिक चेतना और नैतिकता तथा मानवीय सहायता के संबंध छात्रों को प्रशिक्षित करने का प्रयास करती है। रेडक्रास इकाई छात्रों के शारीरिक विकास मानसिक स्वास्थ शैक्षिक प्रदर्शन गतिविधियों में भागीदारी आत्म विश्वास अच्छी जीवन शैली अपनाने पर जोर देती है। कार्यक्रम के संयोजक अच्युत पाण्डेय द्वारा छात्रों को कॅरियर परामर्श एवं प्लेसमेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में रोजगार कैम्पस आयोजित किये जाते है जिसके माध्यम से छात्रों का प्लेसमेंट कराया जाता है। डॉ. एस.पी. सिंह ने छात्रों को शैक्षणिक विनिमय और दिशा निर्देश तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्तियों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में नव प्रवेशित छात्रों को प्रयोगशालायें कम्प्यूटर लैब युवा संसाधन केन्द्र का अवलोकन तथा पाठ्येत्तर गतिविधियों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया जिसमें छात्रों के प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. अच्युत पाण्डेय तथा आभार प्रदर्शन डॉ. नागेश त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

# रीवा में एक दिवसीय बैंक लोन सौंदर्यीकरण अभियान का संचालन






**रीवा।**

स्वच्छ भारत मिशन 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रीवा में एक दिवसीय बैक लेन सौंदर्यीकरण अभियान का संचालन शहर के वार्ड क्र. 06, 15, 26, 33 एवं 42 में किया गया। जिसमें नागरिकों द्वारा बैक लेन सौंदर्यीकरण के लिये श्रमदान किया गया साथ ही बैक लेन में रंगोली, क्रिकेट आदि अन्य प्रतियोगिताओ का भी आयोजन किया गया। इस अभियान में जीसस क्राइस्ट स्कूल, त्रिपुरा शंकर पब्लिक स्कूल, रोज पेटल हायर सेकेंडरी स्कूल, वेदांता पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त अभियान में आईईसी टीम, स्कूल के कर्मचारी, छात्र, छात्रायें एवं नागरिकगण शामिल रहें।

# शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हो रही लगातार कार्यवाही





**रीवा।**

शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 02.07.2024 को कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी एवं सहायक यंत्री अम्बरीश सिंह के नेतृत्व में सिरमौर चौराहा से कालेज चौराहा तक अवैध रूप से रखी गई दर्जनों गोमतियो को हटाने की कार्यवाही की गई। उक्त गोमतियों के कारण प्रमुख मार्ग अवरूद्ध होता था एवं आवागमन हेतु आमजन को समस्या का सामना करना पड़ता था। उक्त गोमतियों को अतिक्रमणकारियों द्वारा जमाकर रखा गया था जिसको जेसीबी की मदद से उखाड़ कर अतिक्रमण प्रभारी सुखेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा गोमतियों के जप्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही समझाइस दी गई कि पुनरावृत्ति किये जाने पर संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। पीके स्कूल के सामने प्रिंस गारमेंट्स और कंचन ड्रेस के द्वारा दुकान के सामने सड़क पटरी पर गाड़ियां खड़ी करवा कर यातायात बाधित किया जा रहा था जिसे अतिक्रमण प्रभारी द्वारा मौके पर पहुँचकर वाहन हटाये जाने हेतु कहा गया। समझाइस के बाद भी सुधार नही होने पर गाड़ियां को क्रेन की मदद से हटवाते हुए दुकानदारों के ऊपर रुपये 2000 की चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही सिरमौर चौराहा से हास्पिटल चौराहा एवं जयस्तंभ तक एवं शहर के अन्य प्रमुख मार्गो पर सड़क पटरी पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण को खाली कराया गया। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

# जन सुनवाई में अपर कलेक्टर विकास ने की 120 आवेदन पत्रों में सुनवाई



**रीवा**

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जन सुनवाई में अपर कलेक्टर विकास डॉ सौरभ सोनवणे ने आमजनता के 120 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सात दिवस में आवेदन पत्रों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जन सुनवाई में सीमांकन, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, पेंशन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति, नक्शा तरमीम, हैण्डपंप लगाने, उपचार सहायता सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा नायब तहसीलदार विन्ध्या मिश्रा ने भी आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की।

जन सुनवाई में वीरेन्द्र मिश्रा निवासी भटिगवां ने उनके घर के पास अवैध रूप से खोदे गए नाले को बंद कराने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम जवा को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। रामगोपाल यादव निवासी टीकर ने जमीन के स्वामित्व के संबंध में तहसीलदार द्वारा दिए गए आदेश का पालन कराते हुए शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। लक्ष्मीकांत द्विवेदी निवासी बंजारी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनाई गई गोरगांव रोड में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला प्रबंधक पीएमजीएसवाई को कार्यवाही के निर्देश दिए। मुकद्दर बेग निवासी रीवा ने घोघर मोहल्ले की पुस्तैनी जमीन से अवैध कब्जा हटाने तथा आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए।

जन सुनवाई में रमाशंकर गौतम निवासी ग्राम बजरा ने सीमांकन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। मीकूलाल साकेत निवासी डाड़ी टोला सरई ने हरिजन बस्ती में हैण्डपंप लगाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। उमाशंकर मिश्रा निवासी सगरा ने खसरे में कूट रचना करके जमीन में किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। रमाकांत पाण्डेय निवासी नौवस्ता ने सीमेंट प्लांट द्वारा अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा देने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को आवेदन में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। बाबूलाल कोल तथा ग्राम बेलवा पैकान के 20 निवासियों ने 50 घरों की बस्ती का आम रास्ता रोकने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम मनगवां को मौके पर कार्यवाही कर आम रास्ता को खुलवाने के निर्देश दिए।

# अधिकारियों की निष्क्रियता से जनप्रतिनिधि कर रहे धरना प्रदर्शन




**मऊगंज।** मऊगंज जिला अस्तित्व में आए लगभग एक वर्ष हो रहे हैं, किंतु यहां के अधिकारी/ कर्मचारी पुराने ढर्रे में ही चल रहे हैं। ज्यादातर कार्यालय में अधिकारी/ कर्मचारी 12:00 बजे तक आते हैं,और 4:00 बजे तक चले जाते हैं। मलाईदार विभाग के कर्मचारी ही शाम तक रहते हैं।जबकि प्रदेश सरकार द्वारा कार्यालय खुलने का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक का आदेश दिया गया है, लेकिन यहां आदेश का पालन नहीं किया जाता। ज्यादातर अधिकारी/कर्मचारी रीवा में रहते हैं जिससे अधिकारी हफ्ते में दो-तीन दिन ही उपस्थित रहते हैं। जिले में कलेक्टर की नियुक्ति एक वर्ष होने को हो गया किंतु यहां के अधिकारी/कर्मचारियों पर कोई असर नहीं दिख रहा है। दस दिन पहले यहां के भाजपा विधायक प्रदीप पटेल द्वारा जनता के मुद्दों को लेकर सहकारिता विभाग में रात भर बैठ रहे। इसी तरह भाजपा की ही जनपद पंचायत मऊगंज की अध्यक्ष नीलम सिंह अपने जनपद सदस्यों के साथ पीएचई विभाग एवं जन शिक्षा केंद्र मऊगंज में अपने क्षेत्र की जनता की समस्या को लेकर गई, लेकिन अधिकारियों/कर्मचारियों के न होने के कारण धरने में बैठ गई। जनपद सभागार में 28 जून को सामान्य प्रशासन की बैठक की गई थी, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी को उपस्थित होने का आदेश दिया गया था,जनता की समस्या को समस्याओं के बारे में चर्चा की जानी थी। किन्तु किसी भी विभाग के अधिकारी कर्मचारी बैठक में नहीं पहुंचे, इसलिए हम अपने सदस्यों को लेकर पीएचई विभाग एवं जन शिक्षा केंद्र मऊगंज पहुंची लेकिन अधिकारी/ कर्मचारी अपने कार्यालय में नहीं मिले,जिससे अब हम लोग कलेक्टर से मिलेंगे।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम में महाविद्यालय में संचालित योजनाओं एवं पाठ्यक्रमों की दी गई जानकारी

**मऊगंज।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में 2 जुलाई को नव प्रवेशित विद्यार्थियों के अभिप्रेरण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर छात्र- छात्राओं को महाविद्यालय के छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ. भजन राम मौर्य द्वारा महाविद्यालय में संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति,गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, मेधावी छात्र योजना, एवं संबल योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। महाविद्यालय के सभी विषय के विभागाध्यक्षों ने अपने विषय एवं पाठ्यक्रम की नवीनतम जानकारी छात्रों के सामने प्रस्तुत किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को भूगोल, प्राणीशास्त्र, वनस्पति शास्त्र, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, भूगर्भ शास्त्र की प्रयोगशालाओं एवं पुस्तकालय का भ्रमण कराया गया। संबंधित विषय के प्राध्यापकों ने प्रयोगशाला में उपस्थित उपकरणों एवं डिजिटल संसाधनों के विषय मे छात्रों को अवगत कराया। क्रीड़ा विभाग की जानकारी क्रीड़ाधिकारी डॉ बृजकांत साकेत के द्वारा दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार राय ने बताया कि अभिप्रेरण कार्यक्रम का समापन 3 जुलाई 2024 को होना है। जिसमें सभी नवप्रवेशित छात्र- छात्राओं को महाविद्यालय की शेष गतिविधियों के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. भजन राम मौर्य, डॉ महानंद द्विवेदी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ विवेक कुमार पटेल, प्रो. अनवर खान, प्रो. उमेश कुमार सोनी, डॉ दिनेश प्रसाद पटेल, डॉ विनोद कुमार मिश्रा, डॉ प्रकाश चंद्र पटेल, डॉ प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, डॉ नारायण दत्त त्रिपाठी, श्री प्रकाश कुमार पांडेय सहित सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री अवनीश सिंह ने किया।




# नागरिक केंद्रित कानून सबके लिये समान न्याय



**मऊगंज।** बदेरा थाना परिसर में भारतीय लोकाचार को अपने मूल में रखने वाले नए आपराधिक कानून अधिक नागरिक केन्द्रित बनने की दिशा में बदलाव 1 जुलाई 2024 से भारत सरकार के निर्देशानुसार नवीन अपराध कानून हो रहे लागू । थाना परिसर में किया गया समस्त विभाग के अधिकारियों व बदेरा क्षेत्र के गणमान नागरिकों एवं सरपंचों की उपस्थित रहे। मैहर जिले के एडिशनल एसपी मुकेश कुमार वैस, बदेरा टी आई आदित्य कुमार सेन, ए एस आई अजय सिंह परिहार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। एडिशनल एसपी मुकेश कुमार वैस के द्वारा 1 जुलाई 2024 से होने वाले फेर बदलाव पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। › नागरिक बिना किसी देरी के पुलिस द्वारा अपनी एफआईआर की एक निःशुल्क प्रति प्राप्त करने के हकदार है एवं पुलिस को 90 दिनों के भीतर जांच की प्रगति के बारे में पीड़ित को सूचित करना अनिवार्य है। › पीड़िता की मेडिकल जांच उसकी सहमति से और अपराध की सूचना मिलने के 24 घंटे के भीतर की जायेगी। **BNS** की धारा 184 (6) के तहत मेडिकल रिपोर्ट चिकित्सक द्वारा 7 दिनों के भीतर भेजी जायेगी। › नागरिकों को मौखिक अथवा इलेक्ट्रॉनिक संचार (**e-FIR**), बिना उस क्षेत्र पर विचार किए जहां अपराध किया गया है, **FIR** दर्ज करने का अधिकार दिया गया है। › पीड़ित नागरिकों को मुफ्त चिकित्सा उपचार और मुआवजे का अधिकार के साथगवाह संरक्षण योजना का प्रावधान किया गया है। › नागरिकों को अभियोजन पक्ष की सहायता के लिए अपना स्वयं का कानूनी प्रतिनिधित्व करने का अधिकार है। › अभियोजन से हटने के लिए सहमति देने से पहले न्यायालयों को पीड़ित की बात सुनने का अधिकार दिया गया है। › पीड़ित को एफआईआर की एक प्रति प्राप्त करने तथा उसे 90 दिनों के भीतर जांच की प्रगति के बारे में सूचित किए जाने का अधिकार है। गवाहों को धमकियों और भय से बचाने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, गवाह संरक्षण योजना की शुरूआत की गई।